अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 8 सितंबर 2022
भाद्रपद शुक्ल-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2079

Page No. 05 : Middle

रुद्र लायंस ने जीता एसआरएमएस क्रिकेट कप

एसआरएमएस किक्रेट अकादमी ने खिलाडियों को किया सम्मानित। *संवाद*

बरेली। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एसआरएमएस क्रिकेट कप टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रुद्र लायंस की टीम ने एसआरएमएस एकेडमी को दो रन से हराकर 2-1 से कप अपने नाम कर लिया।

टॉस जीतकर रुद्र लायंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 153 रन का स्कोर खड़ा किया। पिछले दो मैचों की तरह ही इस मुकाबले में भी सर्वाधिक 36 रन अभिमन्यु ने बनाए। मयंक ने 30 रन की पारी खेली। एसआरएमएस के आयुष और अर्सलान ने दो-दो विकेट हासिल किए। इसके जवाब में मैदान में उतरी एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम 49.1 ओवर में 150 रन पर बिखर गई। युवराज ने 37 और विजय ने 30 रन का योगदान दिया। रुद्र लायंस के अभिमन्यु ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच लिए।

कोच मनीष सिंह ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब रुद्र लायंस के फिरकी गेंदबाज अभिमन्यु को मिला। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एसआरएमएस के युवराज को चुने गए। अंपायर आदर्श शर्मा और अभिनय रहे। यूसुफ, अनुज और राजीव सेनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संवाद